तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, रविवार 8 जून 2025

14 सड़क की मरम्मत की मांग पर त्वरित निर्णय



14 जिले में धूमधाम से मनी बकरीद ईदगाह में अदा की गई नमाज





## खबर संक्षेप

### विद्युत लाइन सुधारते वक्त झुलसे वेदप्रकाश ने तोड़ा दम

**छुईहा बेलर।** सेंदर ग्राम निवासी 27 वर्षीय वेदप्रकाश साहू, जो विद्युत विभाग फिंगेश्वर बासिन अंतर्गत ठेकेदार के अधीन कार्यरत थे, शनिवार को जिंदगी की अंतिम जंग हार गए। चार माह पहले ही वेदप्रकाश ने विभागीय कार्य से जुड़कर सेवा शुरू की थी और कार्यकुशलता के चलते अधिकारी, ठेकेदार एवं उपभोक्ताओं में खास पहचान बना ली थी। घटना बीते शनिवार सुबह लगभग 10 बजे फिंगेश्वर के पास पुराने आरा मिल स्थित ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते समय हुई। करंट सप्लाई चालू हो जाने से वेदप्रकाश गंभीर रूप से झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उनका पैर ट्रांसफार्मर से चिपक गया और वे आग की लपटों में घिर गए। उन्हें तुरंत रायपुर के काडला बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक बनी रही। इलाज के दौरान दोनों पैर काटे गए, जिससे वे मानसिक रूप से टूट गए और अंततः सात दिन तक संघर्ष करने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वेदप्रकाश अपने परिवार का मुख्य सहारा थे। उनकी मां भानबाई लकवा ग्रस्त हैं, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर थी। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। उनके अंतिम संस्कार में विभाग के एई शिवेंद्र साहू, जेई ओमन चंद्राकर (फिंगेश्वर), जॉनसन बंजारे (राजिम), ढालेन ठाकुर (बासिन) समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया और 10 लाख बीमा राशि, 4 लाख प्राकृतिक आपदा राहत, तथा एक परिजन को 8–10 हजार रुपए प्रतिमाह की आजीविका सहायता देने का आश्वासन दिया। वहीं राजिम विधायक रोहित साहू ने भी घटना को दुखद बताते हुए संवेदना जताई और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।



### निषाद समाज चौरासी पाली वार्षिक अधिवेशन आज

**फिंगेश्वर।** निषाद समाज चौरासी पाली फिंगेश्वर का वार्षिक अधिवेशन 08 जून को सतधरा धाम के पावन ग्राम कौन्दकेरा में आयोजित की गई है। आयोजन को लेकर चौरासी पाली फिंगेश्वर के अध्यक्ष मनोहर निषाद ने बताया की यह आयोजन समाज को मूलभूत सुविधाओं से जोड़कर आगे बढ़ाना, युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ना, समाज में नारी शक्ति को आगे लानासत्र 2024–25 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदनी ओंकार साहू जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, अध्यक्षता रामेश्वरी कुर्रे सदस्य जनपद पंचायत फिंगेश्वर, विशिष्ट अतिथि राधिका यादव सरपंच ग्राम पंचायत कौन्दकेरा, भुनेश्वर निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज गरियाबंद, दानसिग निषाद पूर्व जिलाध्यक्ष निषाद समाज गरियाबंद, अशोक निषाद अध्यक्ष फिंगेश्वर चक, ढेलू निषाद अध्यक्ष खुटेरी चक, नरेश निषाद अध्यक्ष अकलवारा चक, केजऊ निषाद अध्यक्ष भसेरा चक होंगे। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं को उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** कुटेला ओवरब्रिज एनएच 53 रोड सरायपाली के पास 6 जून की सुबह लगभग 4 बजे ट्रक की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में कार सवारों को चोट नहीं आई है। खरखरी के राजकुमार प्रधान बरगढ़ (ओडिशा) से अपने घर पतेरापाली छोटे भाई संजय प्रधान की कार क्रमांक सीजी 06 जीएफ 1770 से योगेश बारिक और राजेश तांडी के साथ आ रहे थे।

# वनांचल क्षेत्र में रागी की फसल की तैयारी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र में इन दिनों किसान रागी (मड़िया) की फसल की तैयारी में जुटे हैं। पारंपरिक रूप से आदिवासी अंचल के किसान इस पोषक अनाज की खेती को पीढ़ियों से करते आ रहे हैं। इस वर्ष रागी के समर्थन मूल्य में वृद्धि और कृषि विभाग के सहयोग से इस फसल की खेती का रकबा बढ़ने की उम्मीद है।

मैनपुर के राजापड़ाव, गौरगांव, मरदाकला, बेगरपाला, अमलीपदर, उरमाल, कोकड़ी और साहेबीनकछार जैसे गांवों में सैकड़ों एकड़ में रागी की खेती की जा रही है। किसानों ने बीज व्यवस्था की तैयारी पहले ही शुरू कर दी है। पिछले साल जिले में लगभग 1100 हेक्टेयर में रागी की खेती हुई थी, जबकि इस वर्ष लगभग 2000 हेक्टेयर में फसल लेने का लक्ष्य है। रागी एक मोटा अनाज है जिसे कम पानी में भी अच्छी पैदावार मिलती है। इसकी खेती में लागत कम आती है और पोषण मूल्य अधिक होता है। इस वर्ष केंद्र सरकार ने इसका समर्थन मूल्य बढ़ाकर 4846 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, जिससे किसानों में उत्साह है।

#### दो बार होती है खेती

*रागी की फसल साल में दो बार ली जाती है और इसका जीवन चक्र 80-90 दिनों का होता है। किसान खरीफ और रबी दोनों सीजन में इसकी खेती कर सकते हैं।*

## कम लागत, अधिक लाभ और बढ़े समर्थन मूल्य से बढ़ा रुझान

#### ग्रामीणों का परंपरागत अनाज मड़िया

मैनपुर के कुल्हाड़ीघाट, देवडोगर, गौरमुंड, गरहाडीह, कोयबा, बुडगेलटप्पा, अडगड़ी आदि क्षेत्रों के किसान आज भी देशी किस्म की मड़िया (कोकोला) की खेती करते हैं। ग्रामीण सुखराम नागेश, भरत नेताम, रामलाल सोरी आदि ने बताया कि मड़िया को वे घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित रखते हैं, खासकर गर्मियों में इसका उपयोग मुख्य आहार के रूप में होता है। गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्र में लोग मड़िया से बना पेज पीते हैं, जो न केवल शरीर को ठंडक देता है, बल्कि लू और गर्मी से भी बचाता है। यह सस्ता और आसानी से उपलब्ध पेय है, जो श्रमशील लोगों के लिए खास तौर पर लाभकारी माना जाता है।



#### कृषि विभाग दे रहा सहयोग

कृषि विभाग के उप संचालक श्री चंदन राय ने बताया कि जिले में रागी की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा किसानों को मार्गदर्शन, बीज सहायता और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रागी न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पोषण सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रागी की खेती को लेकर इस बार मैनपुर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है और उम्मीद की जा रही है कि उत्पादन और आय दोनों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

**आयोजन :** सीएम ने आश्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की

# मोदी की गारंटी को साकार कर रही है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शनिवार को सोनपैरी आश्रम में राष्ट्रीय संत असंगदेव साहेब के सानिध्य में आयोजित कबीर जयंती महोत्सव एवं गौ ग्राम जनजागरण यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि अपने 15 साल के शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने प्रदेश की चहुमुखी विकास किया। बिजली, पानी, सड़क की चकाचक व्यवस्था बनाया। प्रदेश में भुखमरी को दूर कर होने वाले पलायन को उन्होने रोका। वे चाऊर वाले बाबा के नाम से विख्यात भी हुए। सीएम श्री साय ने कहा कि राज्य में हम मोदी की गारंटी को पूरा करने का भरसक प्रयास कर रहे है। प्रधानमंत्री आवास जिसके लिए 18 लाख हितग्राही वंचित थे उन सबका स्वीकृत हो गया है। गांव में अब इसके लिए राजमिस्त्री भी नहीं मिल पा ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ सोनपैरी आश्रम में असंगदेव साहेब के सानिध्य में कबीर जयंती महोत्सव हुआ




#### तीन विकसित राज्यों में एक छत्तीसगढ़ भी होगा : डॉ. रमन

*समारोह में विशेष रूप से अतिथि के रूप में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ बने 25 वर्ष पूरा होने जा रहा है। अब यह विकसित राज्य बना है। पलायन रूका है और भुखमरी भी दूर हुई है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि छत्तीसगढ़ से 11 राज्यों को चांवल मिलता है। 5* ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### यदि प्रेम की भावना नही है तो सत्संग का कोई मतलब नहीं है : संत असंग साहेब

*इस अवसर पर राष्ट्रीय संत असंग साहेब ने कहा कि मनुष्य में यदि प्रेम की भावना नही है तो सत्संग का कोई मतलब नही है। श्रद्धा से पूजा करनी चाहिए और श्रद्धा से संतो की वाणी को सुनना चाहिए। क्योंकि श्रद्धा से ज्ञान मिलता है। ज्ञान से काम,क्रोध,मद,लोभ सब इंद्रीय वश में होगी। सत्संग से शांति मिलती है। संत जी ने कहा कि जिसके मुख* ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### गौ माता की संवर्धन के लिए भाजपा सरकार बेहतरीन कार्य कर रही : देव

कार्यक्रम में मौजूद छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि गौ माता की संवर्धन के लिए विष्णुदेव सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि जब-जब संकट आता है तब-तब संत पैदा होते है। इससे विपत्तियों और संघर्षो में सफलता मिलती है। विपत्तियों को संत थाम लेते है और समाज को दिशा देने का काम करते है। संतो की वाणी भौतिकवादी युग में भी प्रासंगिक है। संतो की वाणी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के बारे में सोचना चाहिए। कहा कि पाटेश्वर धाम के संत राम बालक को राष्ट्रद्रोहियों ने प्रताड़ित करने का प्रयास किया लेकिन संत डिगा नहीं। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि हरि के कृपा बिना संतों का सानिध्य नहीं मिल पाता। भारत पुण्य भूमि है वीरो की धरती है। संतों ने अपने तप से धरती को बचाया रखा है। भारत हमारी माता है, गौ हमारी माता है, छत्तीसगढ़ हमारी महतारी है और माता-पिता से बढ़कर इस संसार में कोई भी बड़ा नहीं है। कबीर की वाणी आज भी प्रासंगिक है। जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। कर्म प्रधान है। मन को निर्मल और स्वच्छ रखिए तभी जीवन सफल होगा। संतों के बताए रास्ते पर देश और प्रदेश की सरकार चल रही है। संत राष्ट्र के लिए जीते है। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि सनातन धर्म और गौ माता के लिए हमेशा समर्पित रहे।

## 22 लीटर अवैध शराब के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे 'नया सवेरा अभियान' के तहत देवभोग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक आरोपी को 22.66 बल्क लीटर अवैध देशी और अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी उड़ीसा प्रांत से लाई गई शराब की अवैध बिक्री कर रहा था। थाना देवभोग प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम झाखरपारा निवासी मनोज कुमार यदु अपने घर में बड़ी मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देवभोग एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'नया सवेरा अभियान' के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार पेट्रोलिंग और मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए इस प्रकार की कार्रवाइयाँ की जा रही हैं।




## नवापारा-राजिम की 15 किमी परिधि में चले सिटी बस

**नवापारा-राजिम।** नगर के 15 किलोमीटर की परिधि में सिटीबस चलाए जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है। आसपास गांव से हजारों छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण रोज नवापारा, राजिम एवं अभनपुर पढ़ने या अन्य किसी काम के लिए आते है। चंपारण, पोंड, पारागांव, राजिम, भेड़ी, बड़ेनी, कुर्रा, बजरंगपुर, मानिकचौरी, अभनपुर के छात्रों एवं ग्रामीणों को आने असुविधा का सामना करना पड़ता है। बस के इंतजार में घंटों खड़ा रहना पड़ता है। खासकर छात्राओं को ज्यादा असुविधा होती है। रोज सैकड़ो की संख्या में पर्यटक चंपारण दर्शन के लिए आते है। जिन्हें नवापारा एवं राजिम बस स्टैंड में आकर घंटों इंतजार करना पड़ता है। आरंग मार्ग में बस की संख्या सीमित है। लिहाजा उन्हें ऑटो किराए कर चंपारण जाना पड़ता है। जिसमें समय एवं पैसा दोनों ज्यादा लगता है। छात्रों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिहाज ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं एवं पर्यटकों को मिलेगी सुविधा



#### सार्वजनिक यातायात व्यवस्था से ट्रैफिक होगा कम

सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। लोग आने जाने के लिए निजी वाहनों का उपयोग करते है। एक व्यक्ति के लिए एक वाहन के उपयोग से मार्गों में वाहनों की तादात बढ़ी है। सार्वजनिक यातायात न होने के कारण पालकों को बच्चे के लिए स्कूटी या बाइक देना मजबूरी है। सिटी बस के चलने से लोग सार्वजनिक यातायात का उपयोग करेंगे। जिससे सुरक्षा के साथ साथ मार्गो पर वाहन की संख्या कम होगी। प्रदूषण भी कम होगा। विकसित देशों में लोग निजी वाहन के बदले सार्वजनिक यातायात व्यवस्था बस, ट्रेन, शेयर टैक्सी का उपयोग करते है। सुरक्षा के लिहाज से भी सिटी बस चलाई जानी चाहिए।

## नवापारा में मनाया गया चावल उत्सव 3 माह के चावल का एकमुश्त वितरण

**नवापारा-राजिम।** शहर के उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव मनाया गया। वार्ड क्रमांक 17 के जय मां काली उपभोक्ता भंडार में बीपीएल एवं एपीएल कार्डधारी परिवारों को 3 माह का चावल एकमुश्त प्रदान किया गया। चावल उत्सव कार्यक्रम में नवापारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, खाद्य सभापति एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। नगर के हितग्राही परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल प्रदान किया गया। चावल लेने आए लोगों ने छत्तीसगढ़ शासन की चावल उत्सव योजना पर खुशी जाहिर की एवं योजना की प्रशंसा की। उक्त अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि साय सरकार सुशासन की सरकार है। बरसात में लोगों को तकलीफ न हो। पूरे बरसात के लिए अन्न घर में भरा रहे इसलिए साय सरकार ने 3 माह का चावल एकमुश्त प्रदान करने की योजना बनाई है। जिसका वितरण आज उचित मूल्य की दुकान में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार अत्यन्त संवेदनशील है। गरीबों एवं छत्तीसगढ़ वासियों के हित के लगातार कार्य कर रही है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। सरकार की मंशा है कि गरीब, मजदूर एवं वंचित लोगो को तकलीफ न हो। चावल उत्सव के अवसर पर पार्षदगण सहदेव कंसारी, नम्मू नारायण ध्रुव, जीना निषाद, ▶▶|शेष पेज 13 पर



#### क्या है चावल उत्सव

छत्तीसगढ़ शासन में पीडीएस के माध्यम से बीपीएल एवं एपीएल परिवारों को प्रदान किए जाने वाले चावल के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत माह जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एक मुफ्त वितरण किया जाएगा। बता दे की छत्तीसगढ़ में 81 लाख राशन कार्डों में चावल का वितरण किया जाता है। किंतु प्रदेश में बहुत से ऐसे राशन दुकान है। जहां बरसात के समय में राशन पहुंचना कठिन काम होता है। बरसात में पहुंच विहीन राशन दुकानों के मद्देनजर शासन ने 3 माह का राशन एक मुफ्त प्रदान करते हुए चावल उत्सव मनाया जा रहा है।

**नवा रायपुर देश का पहला स्मार्ट सिटी**

# नवा रायपुर में एआई सेज से खुलेगा रोजगार का पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ का नवा रायपुर भारत का पहला एवं एकमात्र विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी है। जिसकी बसावट एवं सुविधाएं नियोजित रूप से की गई है। राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण केंद्र , अनुसंधान केंद्र , एवं विश्वस्तरीय अधोसंरचना नवा रायपुर अटल नगर को और भी खास बना रहा है। नामी एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एचएनएलयू, ट्रिपल आईटी, एवं आईआईएम यहां उपलब्ध है। महानदी भवन, एवं इंद्रावती भवन में छत्तीसगढ़ राज्य संचालित होता है। सीबीडी नया रायपुर का प्रमुख व्यावसायिक परिसर नवा रायपुर को अलग पहचान देता है। नवा रायपुर भारत का एक ऐसा शहर है जहां भरपूर हरियाली है। नवा रायपुर के बहुत बड़े भूखंड पर पीपल के हजारों पेड़ लगाकर देश का पहला पीपल सिटी का निर्माण किया जा रहा है। प्रदूषण फैलाने वाले कल कारखाने या संयंत्र लगाने को अनुमति नहीं है। छत्तीसगढ़ के समस्त राज्यस्तरीय कार्यालय एवं प्रमुख बड़े होटल, रिजॉर्ट, जंगल सफारी, म्यूजिकल फाउंटेन, अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, विश्वस्तरीय गोल्फ मैदान, क्रिकेट स्टेडियम एवं आधुनिक बसावट नवा रायपुर को अलग पहचान देते है। एआई एसईजेड की सौगात नवा रायपुर एवं छत्तीसगढ़ का गौरव हैं। देश का पहला आर्टिफिशिलन इंटेलिजेंस एवं स्पेशल इकोनॉमिक जोन का निर्माण नवा रायपुर में किया जा रहा है। जिससे एआई से संबंधित अधोसंरचना को बढ़ावा मिलेगा। डेटा सेंटर, रिसर्च सेंटर एवं लार्ज स्केल डिजिटल ऑपरेशन के लिए नवा रायपुर प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा।




#### एआई सेज के निर्माण में 1000 करोड़ का निवेश

*6 एकड़ में बनाए जा रहे एआई सेज का निर्माण में 1000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। जिसके निर्माण के पश्चात छत्तीसगढ़ में जॉब पिटारा खुल जाएगा। पूरे देश से आईटी एक्सपर्ट नवा रायपुर की ओर रुख करेंगे। देश के प्रमुख बड़े शहर बैंगलोर, पुणे, हैदराबाद के समान रायपुर का भी आईटी के क्षेत्र में नाम होगा। एआई सेज छत्तीसगढ़ को एक नई ऊंचाई तक लेकर जाएगा।*

## धवलपुर मार्ग पर गड्ढा बना खतरा, मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 11 किलोमीटर दूर धवलपुर में सड़क किनारे बना गहरा गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा बन चुका है। यह गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है और ग्रामीणों ने इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, और गड्ढे के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। संबंधित विभाग से शीघ्र मरम्मत कर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने की मांग की गई है।



## खबर संक्षेप

### चावल उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए पार्षद

**महासमुंद।** शहर के राम वाटिका स्थित राशन दुकान में शुक्रवार को हितग्राहियों को 3 माह का राशन एकमुश्त वितरण कर चावल उत्सव की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर रहे। इस अवसर पर बीपीएल, एपीएल कार्डधारियों को सुचारू रूप से राशन मिले व किसी भी प्रकार की समस्या न रहे और हितग्राहियों को कोई परेशानी ना हो ऐसा निर्देश देते हुए भाजपा पार्षद ने राशन का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। हितग्राहियों ने कहा कि भाजपा की सरकार के चावल उत्सव कार्यक्रम में तीन माह का राशन एकमुश्त मिलने से वार्ड के हितग्राहियों ने खुशी जाहिर की।

### ग्राम विकास समिति में चुने गए पदाधिकारी

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम ग्राम कोसरंगी में ग्राम विकास समिति में निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। इसमें संरक्षक प्रेमलाल टोंडरे, अध्यक्ष जीवन लाल यादव, उपाध्यक्ष शीतल कुमार साहू, कोषाध्यक्ष श्याम लाल बंजारे, सचिव लुकेश कुमार निषाद, अध्यक्ष जीवनलाल यादव चुने गए। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम का विकास पहली प्राथमिकता रहेगी। ग्राम में अबैध गतिविधियों में रोक लगाना, अबैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई गई।

### युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में होगी शिक्षकों की पूर्ति

**नर्रा।** युक्तियुक्तकरण से संकुल केंद्र नर्रा और परसुली संकुल के अंतर्गत आने वाले हाईस्कूल, प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शालाओं में वर्षों से शिक्षकों की कमी थी, जिससे बच्चों की पढ़ाई, अध्यापन कार्य प्रभावित होता था। अब राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी और कठोर फैसले से शहरों में अतिशेष रहने वाले शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। क्षेत्र के इन स्कूलों में शिक्षकविहीन या एकल शिक्षकीय नहीं होगा। जैसे प्राशा मुड़पार, नक्टापार, झिटकी, परकोम आदि स्कूलों में जो वर्षों से एकल शिक्षकीय थे अब इनमें शिक्षकों की पदपूर्ति हो गई है। इससे आने वाले नए शिक्षा सत्र में इन शालाओं में बेहतर पढ़ाई हो सकेगी। इस पहल से छात्रों को संजीवनी और उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने कई कड़े फैसले कठोरता से लागू किए जा रहे हैं। भाजपा नेत्री जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा महासमुंद एवं कोमाखान मंडल महामंत्री लेखमणि पटेल ने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार जताया है।

### महेश नवमीं पर योगिता ने किया रक्तदान

**महासमुंद।** महेश्वरी समाज की वंशोत्पति दिवस महेश नवमी पर्व पर आयोजित रक्तदान शिविर में आरोग्य चिल्ड्रन हॉस्पिटल की संचालिका एवं चिल्ड्रन स्पेशलिस्ट डा. योगिता राठी ने शांतीनाथ जैन भवन में रक्तदान किया। साथ ही समाजजनों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. योगिता राठी ने बताया कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंद मरीजों के जीवन को रक्त देकर बचाया जा सकता है। स्वस्थ मानव को रक्तदान करना चाहिए, इससे शरीर स्वस्थ रहता है।

---

**कार्यक्रम : वन अधिकार पट्टा, जल निकासी, पेयजल संकट, राशन कार्ड में गड़बड़ी जैसी समस्याएं लेकर पहुंचे**

# जनदर्शन में विधायक ने सुनीं समस्याएं, शिव मंदिर स्थल सुरक्षित रखने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय, गरियाबंद में आयोजित विशेष जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों, ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। पहली बार जिला मुख्यालय में आयोजित इस विशेष जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर आम जनता में खासा उत्साह देखा गया। जनदर्शन में शिव मंदिर समिति ने विधायक के समक्ष मंदिर को वर्तमान स्थल पर ही बनाए रखने की मांग रखी। समिति ने मंदिर को धार्मिक आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसका स्थानांतरण किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इस पर विधायक रोहित साहू ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि मंदिर को वर्तमान स्थान पर ही यथावत रखा जाएगा और वहीं नवनिर्माण कराया जाएगा।



### जनसमस्याओं पर त्वरित पहल

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक पीएम आवास योजना, सीसी सड़क निर्माण, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, वन अधिकार पट्टा, जल निकासी, पेयजल संकट, राशन कार्ड में गड़बड़ी जैसी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक साहू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही बातचीत कर कई मामलों में मौखिक निर्देश जारी किए, और शेष आवेदनों को प्राथमिकता में लेकर जिला प्रशासन को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।



### जनता की आवाज ही प्राथमिकता : रोहित

विधायक रोहित साहू ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आज जनदर्शन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से जो भी समस्या आई है, उसका गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित निराकरण कराया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

जनदर्शन में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, अन्य पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता से न केवल क्षेत्र की जनता को राहत मिली, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल भी ऊंचा हुआ है।

---

# पौधारोपण को दिखावा नहीं महायज्ञ पूजा समझकर करना चाहिए : ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को रसेला क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने पौधारोपण को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि महायज्ञ और पूजा के समान मानकर उसे अपनाने की अपील की। ग्राम रसेला के हाईस्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास एवं अन्य शासकीय संस्थाओं में सामूहिक पौधारोपण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पौधे की पूजा कर की गई। हाईस्कूल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने आम का पौधा लगाते हुए कहा कि "पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन जितना ही जरूरी है।" ग्रामीण चिकित्सा सहायक प्रज्ञेश देवांगन ने पेड़ों की रक्षा को बच्चों जैसी जिम्मेदारी बताया। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा, "एक पेड़ मां की तरह होता है, जो हमें फल और शुद्ध हवा देती है। प्रधानपाठक बालचंद नेताम ने वृक्षारोपण को नैतिक जिम्मेदारी बताया और पर्यावरण सुधार के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की। सोसायटी प्रभारी पंकज यादव ने औद्योगिक प्रदूषण और बढ़ते तापमान के खतरे पर चिंता जताते हुए वृक्षारोपण को समाधान बताया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती ठाकुर और देवकुमारी ध्रुव ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में उपयोग के लिए पेड़ों की कटाई हो रही है, जिसे रोकने के लिए पौधारोपण को यज्ञ और पूजा की तरह समझकर अपनाना होगा। कार्यक्रम ने संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और इसका सबसे प्रभावशाली तरीका वृक्षारोपण है।

---

# गंगा, गीता और गायत्री जीवन के लिए आवश्यक : परमानंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गुरुवार 5 जून को ग्राम फुलझर-घटारानी में गायत्री जयंती गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ का संगीत प्रवचन और वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्पन्न हुआ।

व्यक्ति निर्माण परिवार,समाज और युग निर्माण के उद्देश्य और लोगों संस्कारवान पीढ़ी गढ़ने ,यज्ञीय वातावरण स्वर्गीय वातावरण निर्मित करने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार,ब्लाक समन्वयक समिति राजिम के निर्देशन में गायत्री परिवार ईकाई छुईहा तत्वावधान में ग्राम फुलझर में यज्ञ कर्मकाण्ड,विभिन्न संस्कार के साथ साथ पर्यावरण की दिशा में गायत्री परिवार के वरिष्ठ जनों द्वारा फलदार वृक्षों का रोपण ग्राम पंचायत भवन परिसर में किया गया गया।

■ **फुलझर में गायत्री जयंती और गंगा दशहरा धूमधाम से मना**

इस कार्यक्रम के प्रवचन कर्ता फिंगेश्वर निवासी यज्ञाचार्य युग पुरोहित परमानंद मझराज ने गंगा अवतरण,भागीरथी सगर अंशुमान और राजा दिलीप की कथा का सविस्तार वर्णन करते हुए गायत्री महिमा और इसकी साधना और जाप को जन जन तक पहुंचाने भागीरथी प्रयास को युग संगीत,भजन,प्रवचन द्वारा बताया।इस अवसर पर प्रवचन कर्ता पुरोहित परमानंद संगीतकार युग गायक तेज राम महासमुंद छुईहा ईकाई गायत्री परिवार से प्रमुख ट्रष्टि और संरक्षक डा राजा राम सिन्हा,ईकाई प्रमुख चेतन राम सिन्हा,रामचंद दीवान तिलक राम साहू, हरिश्चंद्र ध्रुव, माधव यादव, तेज राम साहू, ताराचंद वर्मा, पुरुषोत्तम कोप्रिया साहू, टाकेश्वरी, सुनिधि पूनम, कुमारी गामिनी तारक, कुमारी, खूशबू तारक, बहुर राम, सन्तोष कुमार साहू,सत्यनारायण सिन्हा,सरपंच सन्तोष कुमार दीवान,ग्राम प्रमुख डीहू राम साहू,रूपेश कुमार ध्रुव, पुरानिक ध्रुव, आयोजक प्रमुख डॉ. ईश्वर तारक, गौकरण मानिकपुरी, बाबूलाल साहू, अंगा साहू और जमुना तारक उपस्थित थे।

---



# विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसानों को मिलेगी तकनीकी जानकारी : रामाधार

**छुईहा बेलर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक, नई बीज किस्मों और वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करना है।

ग्राम पंचायत बोरिद में अभियान का शुभारंभ समृद्धि कृषक व पूर्व सरपंच रामाधार साहू की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच हूमन राजकुमार सिन्हा, सरपंच अमिता मनोज यदू सहित कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कृषक व अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि अधिकारी हरिशंकर सुमेर ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है जो खरीफ सीजन की तैयारी, वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी और किसानों की समस्याओं को समझने के लिए शुरू किया गया है। कृषकों को धान की सीधी बुवाई, ड्रोन तकनीक, प्राकृतिक खेती, नई बीज किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं राज्य शासन की कृषि, पशुपालन, बागवानी, मत्स्यपालन योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आईसीएआर, कृषि विज्ञान केंद्र, एनआईबीएसएम रायपुर अभियान की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही कृषकों से संवाद कर नवाचारों को पहचानने और भावी अनुसंधान की दिशा तय करने का प्रयास किया जा रहा है।

रामाधार साहू ने इसे किसान हितैषी कदम बताते हुए केंद्र सरकार की नीति को सराहा और कहा कि यह अभियान किसानों की समृद्धि और राज्य की कृषि प्रणाली को सशक्त बनाएगा।

---

# खेती हुई महंगा, बोनी पूर्व खेत तैयार करने में छूटेंगे पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



क्षेत्र में खरीफ फसल के लिए किसान अपने अपने स्तर पर खेतों में जुट गए हैं। बोनी और नर्सरी की तैयारी इस सत्र में महंगी पड़ेगी, ऊंची कीमत पर खाद बीज की खरीद जैसे तैसे की जा रही है। लेकिन बाद के काम याने खेत तैयार करने में लगेगा पूंजी साफ संकेत दे रहीं हैं कि जोताई, मताई, रोपाई पर अच्छी खासी रकम खर्च करनी पड़ेगी। महंगा होता डीजल और बढ़ी हुई मजदूरी दर। इस खरीफ सत्र में प्रति एकड़ खर्च बीते साल की तुलना में ज्यादा होने को है। मालूम हो कि वर्तमान में डीजल की कीमत 94.29 रूपए पैसे हैं। वहीं ट्रेक्टर से नागर जोताई प्रतिघंटा 1000 से 1100 रुपए और रोटावेटर से मताई 1200 से 1300 प्रतिघंटा लेते हैं। इन सभी को मिलकर खरीफ की तैयारी पर गहरा असर पड़ेगा। प्रति एकड़ बोनी और रोपाई की दर भी बढ़ी हुई है। सिंचाई साधन से संपन्न किसान अपने खेतों में नर्सरी की शुरुआत कर रहे हैं। अन्य किसान मानसून को देखकर करने की संभावना है। गांव के किसान लोकराम यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, नंदकिशोर यादव, देवलाल बारिक, जनक यादव, वेदव्यास निषाद, राकेश कोमर्रा, भावसिह मरकाम, दिव्यानंद यादव, सीता राम यादव, कुडेरादादर से तुलेश्वर ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव, झवर अग्रवाल, दिनेश साहू, घनश्याम साहू, कनसिघी से भोजराज नागेश, सुरेन्द्र ठाकुर, जयलाल यादव, रिखीदास, राधेसेन, कुशल ध्रुव, सेम्हरा से ठाकुरराम चन्द्राकार, तेजराम साहू, दुकालू राम साहू,टेगनाबासा से केशुराम ध्रुव ने बताया कि शुरूआती दौर में प्रति एकड़ रोपाई के लिए 5000 से 6000 रूपए लगते हैं। बीते सत्र से यह दर इस बार 500 रूपए ज्यादा लेंगे। जैसे जैसे रोपाई का कार्य युद्ध स्तर पर चलता है वैसे वैसे वृद्धि के संकेत मिल जाता है। किसानों ने कहा कि भाजपा सरकार ने 23 -24 -25 में धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए कर दिया है, यह पिछले की तुलना में आठ फीसदी अधिक है, हालांकि किसानों के लिए खेती करना दिनों दिन महंगा होता जा रहा है। कृषि उपकरण, रसायन, खाद बीज और मजदूरी की बढ़ रही दरों का औसत निकालें तो खेती लगभग 20 फीसदी महंगी हो गई है बता दें कि समर्थन मूल्य में धान की खरीदी से किसान खुश तो हें, लेकिन बढ़ते खाद बीज के दाम से किसान चिंता में हैं।

---

# परसदाकला में पौधारोपण

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत परसदाकला सरपंच गणेशाराम साहू के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित किए गए।



---

पेज 11 के शेष...

### मोदी की गारंटी...

रहा है और न ही सेंटरिंग के लिए प्लेट। 70 लाख माताओं को 1 हजार रूपए महतारी वंदन योजना के तहत दिया जा रहा है। 22 हजार से अधिक लोगों को अब तक श्री रामलला का दर्शन कराया जा चुका है। सीएम श्री साय ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को तीर्थ भ्रमण कराए जाने की योजना सरकार ने फिर बनाई है। रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण भी होने लगा है। श्री साय ने कहा कि गाय जब तक दूध देती है तो लोग घर में रखकर सेवा करते है और जहां दूध देना बंद करती है, बूढ़ी हो जाती है तो उसे सड़क में ढील दे दिया जाता है। कहा कि गौ हमारी माता है, इनकी सेवा जीवन भर करें। सरकार भी इस दिशा में काम कर रही है। सीएम श्री साय ने आश्रम में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा किया।

### तीन विकसित राज्यों ...

राज्य को सीमेंट और 9 राज्य को बिजली और कोयला देते है। मुझे विश्वास है कि सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन में आने वाले समय में तीन विकसित राज्यो में एक छत्तीसगढ़ भी होगा।

### यदि प्रेम की ...

मंडल पर प्रसन्नता झलकता है तो समझो वहां शांति है। शांति मोक्ष का रास्ता खोल देती है। जिसमें संस्कार और गुण होता है उसका संसार में मान सम्मान होता है। संस्कारविहीन लोग कही सफल नही होते। उन्होने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और सीएम विष्णुदेव साय के सरल स्वभाव की जमकर तारीफ किया। असंग साहेब ने कहा कि जीवो के ऊपर दया करो। गाय की दूध तो सब पीना चाहते है पर सेवा से पीछे हट जाते है। क्रोध को यदि जीतना है,कंट्रोल करना है तो सत्संग कीजिए। कुसंग से बचिए। कुसंग के साथ रहने से सबकुछ चौपट हो जाता है। उन्होने इस अवसर पर बहुत ही सुंदर ढंग से कथा बताते हुए उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। कहा कि छत्तीसगढ़ में दानी बहुत है,यहां के लोग प्रयागराज में भी दान करते है। मंच में मौजूद दीदी प्रज्ञा भारती और पाटेश्वर धाम के संत रामबालकदास ने भी उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए गौ माता की सेवा के लिए प्रेरित किया। कहा कि आने वाला समय में भारत हिंदु राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर उन्होने बताया कि पाटेश्वर धाम में माता कौशिल्या का विशाल मंदिर बन रहा है यहां पर गोद में भगवान श्रीराम को लिए हुए मौ कौशिल्या की प्रतिमा स्थापित होगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू,छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज,गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल, संजय श्रीवास्तव, कमिश्नर महादेव कांवरे,आईएएस चंद्रकांत वर्मा, नवापारा के वरिष्ठ युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन, खेमराज कोसले,सोनपैरी के सरपंच गणेश राम, मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, बसंत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, प्रहलाद रजक, झाड़ु राम धृतलहरे सहित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र ,राजस्थान,उड़ीसा,मध्यप्रदेश जैसे राज्यो से संत असंग साहेब के शिष्य सैकड़ो की संख्या में आए हुए थे। कार्यक्रम का संचालन सोनपैरी आश्रम के चीफ देवकर साहेब ने किया। इस अवसर पर संत देवकर साहेब ने सभी अतिथियो का सम्मान किया। मंच पर मौजूद संत असंग साहेब ने सीएम विष्णुदेव साय,विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, भाजपा अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू,वित्त मंत्री ओपी चौधरी का सम्मान गौ माता की प्रतीक चिन्ह देकर भेंट किया।

### नवापारा-राजिम के...

से अभनपुर-नवापारा-राजिम- चंपारण मार्ग पर सिटी बस चलाए जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। साथ ही भेड़ी- बुडेनी-राजिम-नवापारा-अभनपुर मार्ग पर सिटी बस चलाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### नवापारा में मनाया...

लोमेश्वरी साहू जग्गू यादव, केकती सोनवानी, पूजा कंसारी, निर्मला साहू, सचिन सचदेव, भारत सोनकर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता साधना सौरज, धनमती साहू, मया राम साहू, नंदकुमार साहू, राजू रजक नगरवासी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

---

**राजिम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ**

# खिलाड़ियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन राजिम के खेल स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ गरियाबंद ने किया। जिसमें श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी द्वारा खिलाड़ियों को टी शर्ट मोमेंटो स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव ने किया। श्री यादव ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दिया। व हारने वालो को फिर से कोशिश करते रहने मनोबल बढ़ाया। कहा कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य तक पहुचने के लिये हमेशा प्रयास करते रहना चाहिये। एथलेटिक्स संघ जिला अध्यक्ष शरद पारकर ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से जिले में एथलेटिक्स संघ द्वारा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान कर आगे बढ़ाने के लिये खेल का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर आगे कहा कि इस खेल स्टेडियम को समतलीय करण व सर्व सुविधा युक्त खेल स्टेडियम बनाने की मांग किया गया। एथलेटिक्स खेल में अंडर 16 वर्ष से कम 20 वर्ष से कम बालक, बालिका तथा 20 वर्ष से अधिक महिला पुरुष वर्ग में व 100 मीटर दौड़, 800, 1500, 3000 मीटर दौड़, लंबी कूद , गोला फेंक , तवा फेंक आदि खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पार्षद भरत यादव , सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू, बलराम यादव, सुरेश पटेल ,उत्तम निषाद उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ पटेल व आभार व्यक्त संघ के शरद पारकर ने समस्त अतिथियों व खिलाड़ियों का सहयोग के लिये धन्यवाद व्यक्त किया। श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी से त्रिलोक पारकर ओर उनकी टीम शामिल रहे।



### ये रहे शामिल

आयोजन में एथलेटिक्स संघ के हरिश्चंद्र निषाद ,पुरन लाल यादव , रमेश पटेल , कैलाश साहू , पुरन पुसरिया , सूरज टण्डन , राघवेंद्र ध्रुव , चित्रलेखा नागेश , सीतल साहू, प्रेमसिंग नागेश , जयंत पारकर , राजेश धीवर , रोशन साहू, यशवन्त साहू, महेंद्र साहू, यश राज साहू, देव यादव, कामन्ता प्रसाद साहू , योगेश सहानी, दुर्गेश्वरी साहू, प्रीति चंद्राकर ,सहित उपस्थित रहे। खिलाड़ियों में नित्यानंद निषाद ,अनुसुइया ध्रुव, पारस तारक, कांता यादव, मोनीष साहू, तोषण साहू, ओम बघेल, संजय सर्पा , भास्कर पुजारी, लोमश कुमार , युवराज पाल , पीयूष श्रीवास , चन्दनी यादव, साक्षी सिंग ठाकुर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पका हुआ काजू का फल ललचा रहा स्वाद प्रेमियों को



**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों के ग्रामों में कुछ ग्रामीण अपने बाड़ी और घरो के आंगन में काजू का पेड़ लगाए हुए हैं, इन दिनों काजू का फल पक चुका है और इसका फल काफी आकर्शक दिखाई दे रहा है जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। नगर स्थित वन परिक्षेत्र अधिकारी के सरकारी निवास में काजू का पेड में इन दिनों पका हुआ फल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध, हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम चनाट में मुर्गा दुकान में शराब पीने पिलाने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी रूखमण पटेल पिता युधिष्टिर पटेल (32 साल) निवासी टांगापासा के धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बहनोई ने की मारपीट

**महासमुंद।** मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सदानंद रात्रे पिता दुकालू रात्रे (36 साल) ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर ने बताया कि 6 जून को करीब 4.15 बजे बहनोई राज उसकी बहन भद्रा को लेने के लिए आया था, उसकी बहन भद्रा ने अपने पति के साथ जाने से मना कर दिया। जिससे राज गुस्से में आकर प्रार्थी की भांजी को जबरदस्ती लेकर भाग रहा था, जिसे वह छुड़ाने के लिए गया। उसी समय आरोपी राज ने डंडे से सिर पर मारा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### योग भवन में दिव्य दुर्लभ सत्संग आज

महासमुंद। स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 8 जून ( रविवार) को रात्रि 8 बजे से 9:30 बजे तक दिव्य दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया गया है। जिसमें दिव्य वाणी स्वामी ब्रम्हचारी संत आनंदजी महाराज (ऋषिकेश) द्वारा प्रवचन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।

**पर्व :** नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की दी मुबारकबाद

# जिले में धूमधाम से मनी बकरीद ईदगाह में अदा की गई नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व गरियाबंद में पूरी श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह 9 बजे शहर के ईदगाह भाटा मैदान में विशेष नमाज अदा की गई। नमाज इमाम मौलाना द्वारा अदा कराई गई, जिसमें गरियाबंद सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। इसके बाद कुर्बानी की प्रक्रिया शुरू हुई, जो इस्लाम धर्म के अनुयायियों द्वारा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में दी जाती है।

इस अवसर पर अमीन मेमन ने कहा की बकरीद का त्योहार हमें त्याग और भक्ति की सीख देता है। यह दिन बताता है कि खुदा की राह में दी गई कोई भी कुर्बानी छोटी नहीं होती। यह पर्व आपसी सौहार्द और जरूरतमंदों की सेवा का संदेश देता है। स्थानीय युवा इमरान मेमन ने कहा की यह त्योहार सिर्फ खुशी का नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का दिन है। कुर्बानी का मांस तीन हिस्सों में बांटा जाता है गरीबों, रिश्तेदारों और खुद के लिएताकि सभी इस त्योहार की खुशी में शामिल हो सकें। वहीं, जमात के कार्यकारिणी सदस्य सोहेल मेमन ने कहा की बकरीद सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि इंसानियत, त्याग और सेवा की भावना को मजबूती देने का अवसर है। हम हर वर्ष यह प्रयास करते हैं कि कोई भी जरूरतमंद इस दिन खाली हाथ न रहे। बकरीद को ईद उल जुहा, ईद उल बकरा जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस पर्व पर मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की रजा के लिए जानवरों की कुर्बानी देते हैं और उसका मांस जरूरतमंदों के बीच बांटते हैं, जिससे यह त्योहार सामाजिक समरसता का प्रतीक बन जाता है।

### शांति और सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ आयोजन

जिले में त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए थे। मस्जिद चौक और ईदगाह मैदान में सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने संभाली। उन्होंने अपनी टीम के साथ पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई। श्री यादव ने बताया की हमारा प्रयास था कि लोग पूरी निश्चिंतता के साथ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हों। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता थी। गरियाबंद में बकरीद का यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, धर्मनिष्ठा और सेवा की भावना का प्रतीक बनकर सामने आया।



## ईद के जश्न में मैनपुर रहा सराबोर, नमाज के बाद निकला जुलूस



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शनिवार को ईद उल अजहा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 8 बजे रजा मस्जिद से जुलुस निकाली गई जुलुस मे रंग बिरंगे नये कपड़े पहने छोटे -छोटे बच्चे हाथों में झंडा लेकर चल रहे थे युवा नौजवान बुजुर्ग नात शरीफ पढ़ रहे थे यह जुलुस ईदगाह पहुंची जहां मौलाना सिब्तैन रजा खान साहब द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई और सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया तथा प्रदेश व देश मे अमन शांति खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। मुस्लिम भाईओ ने एक -दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबाकर बाद दी और मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमो के कब्रो में फूल, ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज मैनपुर के सदर हनीफ मेमन, हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हॉजी गफ्फु मेमन, वली मोहम्मद धन्नाड़ी, शेख हसन खान, जुनैद रजा, अहमद बेग, गुलाम रसुल बेग, इकबाल मेमन, जमाल खान, बबला भाई, जाहिद रजा, अहसन मेमन, शेख फखरूद्दीन, ईकराम, रमजान खान, जब्बीर भाई, ईशुफ मेमन उपस्थित थे। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने पुलिस बल बड़ी संख्या मे तैनात थी वहीं मैनपुर नगर मे इरर्द पर्व पर आपसी भाईचारा, सद्भावना देखने को मिला हिन्दु मुस्लिम भाई गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते नजर आए।

**विधायक ने दी ईद की बधाई**- आज ईद उल अजहा के अवसर पर विधायक जनक ध्रुव ने मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात कर उन्हे ईद उल अजहा पर्व की बधाई दी और त्यौहार खुशियों के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, सोहन नागेश एंव अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## ग्रामीण जीविका का आधार है वनोपज



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्रामीण जीविका के लिए वन एक महत्वपूर्ण संसाधन है, वनांचल और जंगल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों के आर्थिक समृध्दि और जीविकाउपार्जन में वनोपज का विशेष महत्व है, वनोपज संग्रहण से मिलने वाले राशि से आधे वर्श का खर्च निकलता है और तो और घर में शादी-विवाह और बच्चों की पढाई, दवाई ईलाज के लिए भी इस पैसे का उपयोग ग्रामीण करते है, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर नहीं के बराबर है, लेकिन वनोपज जीविका का मुख्य साधन है, इसलिए वनांचल क्षेत्र के वासिंदों को वन एंव वन्य प्राणियों से उतना ही लगाव है एक तरह से जंगल में निवास करने वाले ग्रामीण वन एंव वन्य प्राणियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भुमिका निभाते है तो पुरे सालभर ग्रामीणों को जंगलो से तरह तरह के वनोपज उपलब्ध होता है जैसे चार, चिरौंजी, महुआ, टोरी, कोसम, हर्रा, बेहड़ा, बाईबिडिंग, तेन्दुपत्ता व अनेक प्रकार के वनोपज बारोह माह प्राप्त होता है, इन दिनों अब महुआ के सीजन खत्म होने के बाद ग्रामीण ईलाके के लोग टोरी संग्रहण कर रहे है, तो वही जंगल से तरह तरह के मशरूम भी ग्रामीणों को मिल रहा है, जिससे उनके जीविका उपार्जन में महत्वपूर्ण साबित हो रहे है ।



## अतरमरा में मां के नाम पर लगाया गया पौधा

**पाण्डुका।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अतरमरा में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा मां के नाम पर लगा कर अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया जिसमें छायादार और फलदार पौधे लगाया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी जनपद सदस्य दुलारी साहू सरपंच केजा सोम पंच गन तथा केएल यादव और आरआर शामिल हुए।

## पर्यावरण दिवस पर तौरेंगा पंचायत में लगाए गए छायादार व फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत तौरेंगा द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला एवं ग्राम पंचायत तौरेंगा में 'हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी' संकल्प के साथ सामुहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इसमें नीम, अमरूद, शीशम, अशोक, पीपल और करोंदा के वृक्षो को सामूहिक रूप से रोपा गया। साथ ही ग्राम पंचायत ने पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल की है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उप सरपंच नागेश तिवारी के अपने संबोधन में कहा ही पेड़ लगाना हम सबकी जिम्मेदारी हैं ताकि गांव हराभरा और खुशहाल बना रहे साथ ही उसका संरक्षण के लिए ट्री गार्ड एवं रख- रखाव की व्यवस्था कर उसको बड़ा करने की बात कही। हमें पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेकर एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती को हरा- भरा बनाएं ताकि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो और ये अभियान निरंतर जारी रखने की तथा दूसरे को प्रेरित करने की बात कही। आगे कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार माँ अपने बच्चे को बड़ा करने तक पालती-पोषिति हैं उसी प्रकार हमें भी लगाए गए वृक्षों पालन पोषण करना होगा ताकि ग्रामवासियों को शुद्ध हवा मिल सके और विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचा जा सके। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच भूपेंद्र कुमार, सचिव रेवा राम साहू, रोजगार सहायक गीतांचाल कुमार, पंच सरवन राम, स्वास्थ्य विभाग से हेमा साहू, आवास मित्र रुपेश यादव सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## छुरा में ईदुल अजहा मनाई गई, लोगों ने दी मुस्लिम समाज को मुबारकबाद

**छुरा।** छुरा में ईदुल अजहा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले समाज के लोगों ने सुबह ईदगाह जाकर नमाज अदा किए और नमाज के बाद छुरा के इमाम गुलाम मुस्तफा ने सभी के साथ पूरे भारत देश में अमन और शांति की दुआ मांगी और उसके बाद सभी ने एक- दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दूसरे समाज के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। इसमें प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज से हाजी अब्दुल सत्तार मेमन, हाजी डॉक्टर चिराग अली, हाजी अब्दुल रहमान मेमन, हाजी अब्दुल सत्तार खान, हाजी आरीफ मेमन, हाजी सुल्तान खान, हाजी राशिद रजा, समाज के सदर अब्बास बैग, सेकेट्री सिकंदर खान,



कोषाध्यक्ष युनूस मेमन, ईस्माइल खान, समद खान रिजवी, सरवर खान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, नसीब खान, पार्षद सलीम मेमन, कादर खान, लक्की मेमन, हनीफ मेमन, जमशीर कुरेशी, रऊफ खान, रमजान खान, ईस्माइल मेमन, हारून अली, इमरान अली, इमरान मेमन, अजमेर खान, इलियास मेमन, शेख आलम, जब्बार खान, और आसपास के आए हुए मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

## बारूला में तीन माह का चावल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बारूला में राशनकार्डधारी परिवारों को एक साथ मिलेगा तीन महीने का चांवल मिल रहा है। लोगों को एक उत्सव अनुभूति हो रही है। सरपंच बारूला व भाजपा नेता सुकदेव साहू ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक से 07 जून तक 'चावल उत्सव' मनाने के निर्णय को यहां इस उत्सव के दौरान शुक्रवार को सभी राशनकार्डधारी परिवारों को जून,जुलाई और अगस्त इन तीनों महीनों का चावल एकमुश्त वितरित किया जा रहा है। कहा राज्य की भाजपा सरकार ने इस उद्देश्य से उचित मूल्य दुकानों में चावल का आबंटन जारी कर चावल का भंडारण किया है ताकि वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए,उनका कहना है कि इस पहल से ग्रामीणों को समय पर खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित कीया गया है। इससे पहले चावल वितरण की सूचना स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रचार माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित की जाए, जिससे प्रत्येक लाभार्थी तक यह जानकारी सुगमता से पहुंचे और वितरण पारदर्शी रहे। चावल का वितरण दुकान स्तर की निगरानी समिति की उपस्थिति में और प्रत्येक लाभार्थी को ई-पॉस मशीन द्वारा बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के पश्चात ही चावल प्राप्त हो रहा है। साथ ही लाभार्थियों को वितरित चावल की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर ग्राम पंचायत बारुला सरपंच सुकदेव राम साहू, ग्राम पटेल लालजी पराना, पुर्णिमा पराना पंच, कुमार ध्रुव,देवनाथ,दिलीप, बुधिया बाई, मालती पराना,नारद, ध्रुव,शानतु सतनामी,डेशचंद, जगमोहन धृतलहरे, बलराम मिरे, उपभोक्ता हितग्राही, निगरानी समिति, पंचगण उपस्थित व सम्मिलित हुए।



Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी.लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## चोरी की नीयत से घर में घुसा युवक पकड़ा गया

**महासमुंद।** खपरैल की छत को तोड़कर चोरी करने की नीयत से घर में घुसे एक युवक को पकड़ा गया है। मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। घटना को लेकर प्रार्थिया शशिकला राणा पति स्व. शंकर राणा निवासी ग्राम डुमरपाली कलमीडीपा ने पुलिस को बताया कि 5 जून की रातकरीब 1 से 1-30 बजे के मध्य रोशन यादव पिता आनंद यादव उसके घर के खपरैल की छत को तोड़कर चोरी करने के नीयत से घर घुसा था, आहट सुनकर वह जाग गई। इसके बाद आरोपी रोशन यादव उसे देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिस पर प्रार्थिया ने उसके हाथ को पकड़ लिया और अपने बेटे और बहू को आवाज लगाया। लेकिन उनके दरवाजे को रोशन यादव ने बाहर से बंद कर दिया था और आरोपी हाथ छुड़ाकर भाग गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## सड़क की मरम्मत की मांग पर त्वरित निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

■ कलेक्टर से मुलाकात के बाद बारिश पूर्व मरम्मत कार्य को मिला निर्देश

छुरा विकासखंड के ग्राम रानीपरतेवा से करचाली, देवसरा व द्वारतरा को जोड़ने वाली सड़क जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आती है, पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, पूरी सड़क गिट्टी युक्त हो चुकी है जिससे आवागमन में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस समस्या को देखते हुए सरपंच संघ अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव एवं ग्राम करचाली के प्रमुख गंगाराम नेताम ने गरियाबंद जिला कलेक्टर महोदय से सौजन्य मुलाकात कर सड़क मरम्मत के लिए आवेदन सौंपा। कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को बारिश के पूर्व मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस सकारात्मक पहल के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच व सरपंच संघ अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव तथा ग्राम प्रमुख गंगाराम नेताम ने कलेक्टर महोदय का आभार प्रकट किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411